समग्र शिक्षा केरल

SECOND TERM EVALUATION 2023-2024

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

कक्षा 5 **हिंदी** समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश:

- ∗ पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ∗ गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- ∗ 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

विनु एक दिन हाथी पर बैठकर जंगल जा रहा था। रास्ते में लोमड़ी और भालू से मिला। 'हैलो' बताते हुए आगे चला। हिरण घास और खरगोश केला खा रहे थे। बिल्ली और कुत्ता एक साथ खेल रहे थे। कटहल के पेड़ पर बैठकर बंदर 'टाटा' बोला।

(क) विनु कहाँ जा रहा था?

अ) पहाड़ आ) मैदान

इ) जंगल ई) गाँव

(ख) विनु किसपर बैठकर जा रहा था?

अ) लोमड़ी पर आ) हिरण पर

इ) हाथी पर ई) भालू पर

(ग) कौन केला खा रहा था?

अ) खरगोश आ) लोमड़ी

इ) भालू ई) शेर

(घ) बिल्ली और कुत्ता क्या कर रहे थे?

अ) खेल रहे थे। आ) सो रहे थे।

इ) नाच रहे थे। ई) चल रहे थे।

(ङ) बंदर कहाँ बैठा था?

अ) आम के पेड़ पर आ) कटहल के पेड़ पर

इ) पीपल के पेड़ पर ई) ताड़ के पेड़ पर

गतिविधि 2

सूचनाः 'चाँद के साथ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चंदा मामा कितना प्यारा,
चेहरा कितना गोरा।
कभी मेघ में तुम छिप जाते,
कभी-कभी मुसकाते।

(क) कविता किसके बारे में है?

अ) हवा के बारे में आ) चाँद के बारे में

इ) सूरज के बारे में ई) आसमान के बारे में

(ख) यह **आशयवाली पंक्ति** चुनकर लिखें-

'चंदा मामा बड़ा प्यारा है।'

(ग) कविता के आधार पर **सही मिलान** करें।

चंदा मामा का चेहरा	मुसकाता है।
चंदा मामा मेघ में	गोरा है।
चंदा मामा कभी-कभी	छिप जाता है।

गतिविधि 3

सूचनाः चित्र देखें और तालिका की पूर्ति करें ।



पालतू जानवर	जंगली जानवर
....	
	....
....	
	....
....	

गतिविधि 4

सूचनाः उद्घोषणा पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्यारे बच्चो,

10 जनवरी 2024 को
सुबह 10:00 बजे
'विश्व हिंदी दिवस समारोह' होनेवाला है।
सबका स्वागत है।

(क) विश्व हिंदी दिवस समारोह कब है?

(ख) आपके स्कूल के विश्व हिंदी दिवस समारोह के लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 5

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दादाजी ताड़ के पेड़ के पास, खेतों के बीच उनकी प्रतीक्षा में खड़े थे। देखते ही अमल दौड़कर उनसे लिपट गया।

(क) अमल की प्रतीक्षा में कौन खड़े थे?

(ख) बिंदुओं की सहायता से **वार्तालाप** की पूर्ति करें।

दादाजी : अमल..., कैसे हो बेटा...?

अमल : ....

दादाजी : ....

अमल : ....

दादाजी : ....

अमल : कोई दोस्त है ही नहीं। सब व्यस्त हैं।

सहायक बिंदु-

- क्या हुआ बेटा...?
- ठीक हूँ। आप कैसे हैं?
- अच्छा है, लेकिन...
- हाँ, मैं भी ठीक हूँ। चेन्नै कैसा है?

गतिविधि 6

सूचनाः चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।



(क) खरगोश कहाँ सो रहा है?

अ) पेड़ के नीचे   आ) पहाड़ के नीचे

इ) घर के पास   ई) नदी के पास

(ख) चित्रों के अनुसार वाक्यों को क्रम से लिखें।

- लोमड़ी, भालू, हाथी, हिरण सब खरगोश के पीछे भागे।
- पेड़ के नीचे खरगोश सो रहा था।
- सभी जानवर पेड़ के नीचे कटहल को देखकर हँसने लगे।
- "आसमान नीचे गिरा... !" खरगोश चिल्लाकर भागा।